AnkitGram

SEWADHAM ASHRAM

EST.1989

DAILY HIGHLIGHTS

Thursday, 3 April, 2025

36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

पुनर्वास: नानी के स्नेह में नई शुरुआत

एचआईवी पीड़ित आशा (परिवर्तित नाम) को बाल आयोग की सदस्य की अनुशंसा पर, बाल कल्याण समिति उज्जैन द्वारा 7 नवंबर 2024 को सेवाधाम आश्रम भेजा गया था। आश्रम ने उसकी देखरेख और शिक्षा का उचित प्रबंध संजीवनी धाम में किया। उसकी नानी उसे बैतूल में अपने साथ रखना चाहती थी, इसलिए बाल कल्याण समिति बैतूल के आदेश पर उसे बैतूल भेजा गया। इस प्रकार, आशा सकुशल अपने परिवार में पुनर्वासित हुई। संस्था संस्थापक सुधीर भाई ने इस पर हर्ष व्यक्त किया।

नवजीवन की किलकारी: श्रीमाया अपनी माँ के संग आश्रम पहुँची

श्रीमाया, जिसका जन्म 1 अप्रैल 2025 को हुआ, हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर अपनी माँ के साथ आश्रम पहुँची। माँ अपनी नन्ही बच्ची को देखकर बेहद खुश थी और प्यार भरी नजरों से उसे निहार रही थी।

3 अप्रैल 2025 को शब्बिर भाई (इंदौर) ने आश्रम में 5 क्विंटल गेहूं का सहयोग किया।

पंचकोशी यात्रा मार्ग की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक निरीक्षण और दिशा-निर्देश

उज्जैन कलेक्टर और एसपी ने आगामी 23 अप्रैल से शुरू होने वाली पंचकोशी यात्रा के पूर्व यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संभागायुक्त, आईजी, डीआईजी और जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

उज्जैन के प्रतिष्ठित पटेल परिवार द्वारा माता-पिता की स्मृति में भव्य एवं अविस्मरणीय आयोजन

उज्जैन के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्री ईश्वर पटेल एवं उनके भाई श्री घनश्याम पटेल और श्री लक्ष्मण पटेल द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में एक भव्य, अद्भुत और अविस्मरणीय आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित गणमान्यजन, साधु-संत, एवं सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

सुधीर भाई भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उन्होंने ईश्वर जी के माता-पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री धर्मपाल जी सैनी का भी परिचय उपस्थित जनसमूह से कराया गया।

यादगार पल: सुधीर भाई 'इंदोरी रत्न' उपाधि से विभूषित

30 मार्च 2025 को इंदौर में 'संस्था इंदोरीयन्स' द्वारा आयोजित भव्य समारोह में सुधीर भाई सहित 11 विशिष्ट हस्तियों को 'इंदोरी रत्न' उपाधि से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम श्री रवि गुप्ता जी के संयोजन में आयोजित किया गया, जो उनकी माता, स्व. निर्मला देवी को समर्पित था। इस अवसर पर कांता जी, मोनिका, गोरी, प्रवेश सहित अनेक गणमान्य विभूतियाँ उपस्थित रहीं।

www.ankitgramsewadhamashram.org contact@ankitgramsewadhamashram.org 9425092505 | 7987768019